

टेस्ट क्रिकेट बहुत महत्वपूर्ण है

उल्लेखनीय है कि संजय बांगड़ जब टीम इंडिया को बैटिंग कोच थे तब कोहली ने टेस्ट में नंबर वन की रैंकिंग हासिल की थी। हाल ही में वे विराट कोहली को न्यूजीलैंड के खिलाफ मुंबई टेस्ट से पहले भी मदद करते दिखे थे। बांगड़ फिलहाल इंडियन प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के हेड कोच भी हैं। ऐसे में संजय भी चाहेंगे कि कोहली जल्द से जल्द फॉर्म में वापसी करें, यह फ्रेंचाइजी के लिहाज से भी बेहतर होगा। विराट ने आईपीएल 2021 के बाद बैंगलोर की कप्तानी भी छोड़ दी है।

## 57 पारियों से कोहली नहीं जड़ पाए शतक...

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टेस्ट टीम के कप्तान विराट कोहली ने 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी बार शतक जड़ा था। उसके बाद से वह तीनों फॉर्मेट में रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। इस पर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के हेड कोच और टीम इंडिया के पूर्व बैटिंग कोच संजय बांगड़ ने बड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि चिंता की बात नहीं है। इस तरह का फेज हर बड़े क्रिकेटर के करियर में आता है। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स के एक शो पर साउथ अफ्रीका दौरे पर शतकों का सूखा खत्म होने की संभावनाओं पर बात करते हुए कहा, ठसभी फॉर्मेट को मिलाकर 57 पारियों से कोहली ने शतक नहीं जड़ा है। इस हर का फेज महान सचिन तेंडुलकर और टीम इंडिया के मौजूदा कोच राहुल द्रविड़ के करियर में भी आया था। उन्हें भी फॉर्म से जूझना पड़ा था। हालांकि, शतक लगाने का यह मतलब नहीं है कि उन्होंने टीम के लिए योगदान नहीं दिया। बांगड़ ने कोहली की छोटी पारियों को गिनाते हुए कहा कि उन्होंने पिछली सीरीज में कई अहम पारियां खेली हैं। हाफ सेंचुरी जड़ी तो कई बार 30–40 रन भी बनाए।

# कोहली की कप्तानी के हर पल का मजा लियाः रोहित

क्रिकेट

## रोहित को वनडे टीम का भी बनाया गया कप्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। भारत के सीमित ओवरों की टीम के नए कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि विराट कोहली ने पांच साल तक टीम की मोर्चे से अगुवाई की और उन्होंने इस स्टार बल्लेबाज की कप्तानी में खेले हर एक पल का पूरा मजा लिया। रोहित ने 'बीसीसीआई टीवी' से बातचीत में कहा कि टीम ने कोहली की कप्तानी में खेलने का पूरा आनंद लिया। कोहली ने टी20 विश्व कप के बाद टी20 टीम की कप्तानी छोड़ दी और बाद में उनकी जगह रोहित को वनडे टीम का भी कप्तान बनाया गया।

रोहित ने दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले भारतीय टेस्ट टीम के अभ्यास सत्र से इतर कहा, 'उन्होंने पांच साल तक मोर्चे से टीम की अगुवाई की। हम हर मैच जीतने के इरादे से ही उतरते थे और पूरी टीम को यही संदेश दिया गया था।' उन्होंने कहा, 'उनकी कप्तानी में खेलने का हमने पूरा आनंद उठाया। मैंने उनकी कप्तानी में काफी क्रिकेट खेली और हर पल का मजा लिया। आगे भी लेता रहूंगा।'



भारतीय टीम सितारों से भरी होने के बावजूद 2013 के बाद से कोई आईसीसी खिताब नहीं जीत सकी है। रोहित ने कहा कि उन्हें चुनौतियों का अहसास है और वह इस कमी को पूरा करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा, 'हमें कई चीजों पर काम करना होगा। हमने आखिरी आईसीसी ट्रॉफी 2013 में जीती थी लेकिन उसके बाद से भी हमारा प्रदर्शन खराब नहीं रहा है। हमने एक टीम के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया और जो मामूली सी कमी रह गई , उसे पूरी करने की कोशिश करेंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काफी चुनौतीपूर्ण है और ऐसा होता है।'

उन्होंने कहा, 'भारत में कई विश्व कप होने हैं और टीम अपने दर्शकों के सामने अच्छे प्रदर्शन की कोशिश में होगी। हमारा फोकस खिताब जीतने पर है लेकिन उसके लिए एक ईकाई के रूप में प्रक्रिया का पालन करना होगा।' रोहित ने कहा, 'आप कठिन चुनौतियों का सामना कैसे करते हैं, वह महत्वपूर्ण है। अतीत में भी हम इस तरह की चुनौतियों का सामना करते आए हैं और उनसे उबर नहीं सके।हमें एक टीम के रूप में लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा।' उनके लिए पहला काम यह सुनिश्चित करना होगा कि टीम में हर खिलाड़ी को उसकी भूमिका का पता हो। उन्होंने कहा, 'जब भी मुझे भारतीय टीम की कप्तानी का मौका मिला तो मैने खिलाड़ियों से स्पष्ट संवाद की कोशिश की है। कोच और कप्तान के लिए यह जरूरी भी है।

## रिपोर्टर से भिड़ गए पाकिस्तानी क्रिकेटर हसन अली, लाइव कॉन्फ्रेंस में जमकर हुई बहसबाजी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तानी क्रिकेटर हसन अली का विवादों से पुराना नाता रहा है। कभी वो विरोधी टीम से भिड़ जाते हैं तो कभी अपने ही साथी खिलाड़ी से। 2021 वर्ल्ड टी–20 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कैच टपकाकर फैंस के निशाने में आए हसन का अब एक और वीडियो वायरल हो रहा है। जहां यह 27 साल का तेज गेंदबाज किसी पत्रकार से भिड़ गया।

पाकिस्तान सुपर लीग 2021 प्लेयर्स ड्राफ्ट के बाद हसन अली मीडिया से बात कर रहे थे। इसी दौरान एक रिपोर्टर ने इस्लामाबाद यूनाइटेड के गेंदबाज हसन अली से एक सवाल किया, जिसका पाकिस्तानी पेसर ने जवाब देने से साफ इनकार कर दिया। दिलचस्प है कि रिपोर्टर ने अपना सवाल तक पूरा नहीं किया था। तभी हसन अली बीच में रोकते हुए अगला सवाल लेने लगे। हसन के इस बिहेवियर से हताश होकर पत्रकार ने अपनी नाराजगी जाहिर की।



**ट्विटर पर अच्छी-अच्छी बातें लिखें:** हसन अली रिपोर्टर से कहने लगे कि पहले आप ट्विटर पर अच्छी–अच्छी चीजें लिखें और फिर मैं आपको जवाब दूंगा। आपको किसी के साथ पर्सनल नहीं होना चाहिए। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड आपको नहीं रोक सकता, लेकिन आप हमारे साथ ऐसा नहीं कर सकते। कम से कम हमारे पास अधिकार हैं।

**तब जमकर पड़ी थी गालियां:** यूएई में हुए वर्ल्ड टी–20 के सेमीफाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हसन अली ने मैथ्यू वेड का कैच छोड़ दिया था। निर्णायक मौके पर हुई इस गलती का खामियाजा पाकिस्तान को वर्ल्ड कप से बाहर होकर चुकाना पड़ा। वेड ने ताबड़तोड़ चौके–छक्के लगाकर अपनी टीम को फाइनल में पहुंचा दिया था। बाद में सोशल मीडिया पर हसन अली को जमकर गालियां पड़ी थी। लोगों ने जमकर ट्रोल किया था।

## 22 साल का ऑस्ट्रेलिया गेंदबाज, जो दुनियाभर में मचा सकता है तहलका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज डेमियन फ्लेमिंग ने कहा कि कैमरून ग्रीन के 'परफेक्ट आउटस्विंगर' को देखते हुए वह नई गेंद में उम्मीदवार के रूप में तेजी से उभर रहे हैं। 22 साल की उम्र में ऑस्ट्रेलिया के प्लेइंग इलेवन में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी ग्रीन ने इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी के अपने ओवर में ओली पोप को 35 रन पर आउट किया था। वहीं, दूसरी पारी में उन्होंने 12 ओवर में 23 रन देकर दो विकेट लिए थे और पांच मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को नौ विकेट से हरा दिया था। ग्रीन ने अपनी पहली डेब्यू सीरीज में भारत के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी भी की थी जिसमें उन्होंने 30 से अधिक औसत के साथ रन बनाए थे। टीम में वह बल्लेबाजी के लिए छह नंबर पर क्रीज में उतरते हैं, लेकिन ब्रिस्बेन टेस्ट में वह 0 रन पर आउट हो गए। फ्लेमिंग ने सोमवार को एसईएन ब्रेकफास्ट से कहा, '85 ओवर की गेंद से ग्रीन दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज को बेहतरीन आउटस्विंगर गेंद फेंकते हैं और उसे आउट करते हैं।

## न्यूज डायरी



### अमेरिकन पॉप स्टार एरियाना ग्रांडे संग हरप्रीत बरार की सेल्फी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें एडिशन में विराट कोहली ,एबी डिविलियर्स और ग्लेन मैक्सवेल जैसे धुरंधर बल्लेबाजों को आउट कर सुर्खियां बटोरने वाले पंजाब किंग्स के स्पिनर हरप्रीत बरार एक फिर चर्चा में हैं। दरअसल, इस बार 26 वर्षीय बरार अपनी खेल की वजह से नहीं बल्कि एक यूनिक सेल्फी के लिए सुर्खियों में हैं। बरार ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर अमेरिकन पॉप स्टार एरियाना ग्रांडे के साथ एक सेल्फी पोस्ट की है। मजेदार बात यह है कि इस सेल्फी में एरियाना की फोटो टेलीविजन स्क्रीन पर बगल में लगी है। इस रोचक सेल्फी पर बरार को लोग ट्रोल कर रहे हैं। बरार को पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2022 रिटेंशन में रिटेन नहीं किया। बरार ने सेल्फी का कैप्शन लिखा, ' @ArianaGrande के साथ सेल्फी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह सहित मनदीप सिंह ने भी बरार के इस सेल्फी पर कॉमेंट किया है।

### कोहली से क्या हुई थी बात, अब कप्तानी जाने पर क्या कहेंगे?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बाबर आजम उस वक्त रॉक स्टार बन गए थे, जब टी–20 वर्ल्ड कप–2021 के एक मुकाबले में पाकिस्तान ने भारत को हरा दिया था। वर्ल्ड कप इतिहास में भारत की यह पहली हार थी और उसके लंबे समय तक इस बात पर बवाल मचा रहा था। अब जब आईसीसी इवेंट के बाद वेस्टइंडीज से सीरीज खेलने को तैयार है पाकिस्ता तो पहली बार वह घरेलू पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रह थे। बाबर आजम से प्रेस कॉन्फ्रेंस में दो रोचक सवाल किए गए। एक था टॉस के दौरान विराट कोहली से क्या बातचीत हुई थी और दूसरा अब जब कोहली को वनडे की कप्तानी से हटा दिया गया है तो वह क्या कहना चाहेंगे? पहले सवाल के जवाब में बाबर ने कहा, मैं सबके सामने चर्चा का खुलासा नहीं करूंगा। बता दें कि 24 अक्टूबर को टॉस से पहले पहले बाबर और कोहली काफी देर तक बात करते दिखे थे। उनके बीच दोस्ताना महौल फैंस के बीच छाया रहा था।

### अकमल को थर्ड कैटेगरी में डाला तो गुस्साकर बोले– नहीं खेलूंगा पीएसएल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज कामरान अकमल ने खिलाड़ियों के ड्राफ्ट में सिल्वर श्रेणी में खिसकाए जाने के बाद पीएसएल 2022 सत्र से नाम वापिस ले लिया है। कामरान ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि वह 27 जनवरी से कराची में शुरू हो रहे पीएसएल के सातवें सत्र में खेलना नहीं चाहते। पीएसएल के इतिहास में सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज कामरान को पहले प्लेटिनम से गोल्ड श्रेणी में और फिर सिल्वर श्रेणी में डाल दिया गया। कामरान ने कहा, ‘मैंने पीएसएल में पेशावर के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। मैंने निचली श्रेणी में खिसकाए जाने का विरोध भी किया था।' लाहौर में जन्में 39 साल के कामरान ने कहा, 'मुझे छोड़ दीजिए क्योंकि मैं इस वर्ग में नहीं खेलूंगा। यह वर्ग युवाओं के लिए है। चूंकि मैं पिछले छह सत्र से उनके साथ खेल रहा हूं तो मुझे इस आधार पर उनकी हमदर्दी नहीं चाहिए।'

### न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान का दावा– जो रूट में नहीं है लीडरशिप क्वालिटी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ब्रेंडन मैकुलम ने कहा है कि क्रिकेट बिरादरी इंग्लैंड की टीम की टेस्ट टीम के कप्तान जो रूट को एक बहुत अच्छे नेता के रूप में देखती और बोलती है, लेकिन उनका मानना है कि इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान जो रूट में उन्होंने वह गुण नहीं देखा है। इंग्लैंड को ब्रिस्बेन के गाबा में एशेज सीरीज के पहले टेस्ट मैच में नौ विकेट से शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा, क्योंकि इंग्लैंड की टीम ने तेज गेंदबाज जिमी एंडरसन और स्टुअर्ट ब्राड को अहम मुकाबले में आराम देने का फैसला किया था, जिन्होंने 1100 से अधिक टेस्ट विकेट चटकाए हैं।